Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 08-08-2006

Participants : Patel Shri Kishanbhai Vestabhai

an>

Title : Need to construct a bridge over Khairgaon crossing on Mumbai-Ahmedabad National Highway.

श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राट्रीय राजमार्ग मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड़ से खैरगांव और डांग जाने वाले चौराहे पर मेरे संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को हो रही परेशानियों की ओर दिलाना चाहता हूँ।

महोदय, मुम्बई-अहमदाबाद राट्रीय राजमार्ग पर पुल नहीं होने के कारण इस राट्रीय राजमार्ग में बलसाड़-खैरगांव चौराहे पर दुर्घटना होना मेरे क्षेत्र की जनता के लिए आम घटना हो गयी है। बलसाड़ से डांग और गुन्दलाव गुजरात इन्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन आने-जाने वाले हजारों लोगों को इस राट्रीय राजमार्ग को पार करना पड़ता है। इस चौराहे पर यातायात बहुत अधिक है और इस पर पुल का निर्माण नितांत आवश्यक है। यहां पर मैं माननीय मंत्री जी को यह भी बता दूं कि इसी राट्रीय राजमार्ग पर वाधलधरा से वारी जाने वाली चौराहे पर जिस पर कि यातायात बलसाड-खैरगांव की तुलना में कम है, सरकार ने पुल का निर्माण कराया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ कि मुम्बई-अहमदाबाद राट्रीय राजमार्ग पर खैरगांव चौराहे पर बिना किसी विलम्ब के एक पुल के निर्माण आदेश संबंधित अधिकारियों को देने की कृपा करें।